मूल्यः एक रूपया

कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

Email: kamdhenu@kamdhenuispat.com, Website: www.kamdhenuispat.com, www.colourdreamz.com www.facebook.com/kamdhenuispatlimited

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–15, अंक–10, अक्टूबर 2015

किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545




## दीपावली है
## सुख और समृद्धि का संदेश

"अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग करते हुये उपभोक्ताओं को बेहतरीन गुणवत्ता के उत्पाद उपलब्ध कराने का कंपनी हमेशा प्रयास करती है ताकि उपभोक्ताओं को उनके पैसे की पूरी कीमत मिले।" सीएमडी श्री सतीश अग्रवाल ने स्पष्टता से अपनी बात रखते हुये कहा, "उपभोक्ताओं को लगातार बेहतरीन गुणवत्ता के अत्याधुनिक उत्पाद उपलब्ध कराने का ही परिणाम है कि देश के अधिकतर बाज़ारों में कामधेनु एक भरोसेमंद नाम और पसंदीदा ब्रांड बन चुका है। हम भारतीय निर्माण क्षेत्र में आ रहे बदलावों को भली–भाँति समझते हैं और अपने लिये तरक्की के अवसर लगातार बनाते रहते हैं।"

कामधेनु का भरोसा और इसकी मज़बूत ब्रांड पहचान ने कंपनी को विभिन्न उत्पाद श्रेणियों में सफलता से पैर जमाने का अवसर दिया है। थोड़े ही समय में कंपनी का सजावटी पेंट ब्रांड "कामधेनु पेंट्स" भारत भर में जाना–माना ब्रांड बन गया है, साथ ही सभी प्रकार के कामधेनु उत्पादों के लिये बाज़ार में सकारात्मक रूझान देखने को मिलता है।

तरक्की का मूलमंत्र समझाते हुये सीएमडी ने श्री सतीश अग्रवाल कहा, "भरोसा, गुणवत्ता और समय के साथ चलना यानि लगातार इनोवेशन कामधेनु की सफलता की आधारशिला है। मेरा मानना है कि कंपनी की तरह ही एक इंसान की तरक्की भी उसके इन्हीं गुणों के कारण होती है। इंसान में अगर खूबी हो, नया करने की सोच हो और भरोसा निभाने की इच्छाशक्ति हो तो वह तरक्की जरूर करता है।"

श्री सतीश अग्रवाल ने दीपावली की शुभकामनायें देते हुये कहा, "दीपक को भले ही लौ की ऑच सहनी पड़े पर उसकी सफलता प्रकाश फैलाने में ही होगी। बुझे हुये दीपक की तरह ही मेहनत से भागने वाले इंसान की कदर नहीं होती। पर जो कड़ी मेहनत की ऑच सहता है वही सफलता से दमकता है और दूसरों को भी राह दिखाता है। **दीपावली के अवसर पर मैं सभी से कहना चाहता हूँ कि दीपावली सुख और समृद्धि का संदेश है, आप सभी को मेरी शुभकामनायें हैं कि आपके जीवन में सुख और समृद्धि हमेशा बनी रहे।"**



भारत की सर्वाधिक बिकने वाले कामधेनु टीएमटी रिबार की निर्माता कंपनी, कामधेनु इस्पात लिमिटेड आज भारत के कोने–कोने में सशक्त उपस्थिति दर्ज करते हुए आधारभूत ढ़ॉचे और निर्माण क्षेत्र से जुड़े विभिन्न तरह के सफल व्यापारिक उपक्रमों का प्रतिनिधित्व कर रही है, जैसे कि टी एम टी सरिया, स्ट्रक्चरल स्टील, कलर कोटेड शीट्स, सजावटी पेंट, पीवीसी पाइप और प्लाईवुड आदि। स्थापना के बाद से ही लगातार सफलता की एक स्वर्णिम विरासत रचते हुये कामधेनु अपने उपभोक्ताओं, निवेशकों, चैनेल पार्टनर्स एवं सहयोगी प्रतिष्ठानों के लिये भरोसे का प्रतीक बन चुका है।

आज आधारभूत ढ़ॉचा क्षेत्र में देश की अग्रणी कंपनी के रूप में कामधेनु इस्पात लिमिटेड देश के ढॉचागत निर्माण तथा द्रुत औद्योगिकरण की दिशा में प्रतिबद्वता से काम कर रहा है। कंपनी के सी एम डी, श्री सतीश अग्रवाल एक कुशल प्रबंधक होने के साथ–साथ देश के विकास हेतु समर्पित सोच रखने वाले एक दूरदर्शी व्यक्तित्व हैं। उनकी लगन विश्वस्तरीय निर्माण सामग्री के उत्पादन और उपयोग को बढ़ावा देकर भारतीय निर्माण क्षेत्र को वैष्विक मानकों की बराबरी तक पहुँचाने की है।


इस दिशा में कंपनी लगातार ही शोध व विकास एवं तकनीकी बेहतरी हेतु निवेश करती रही है। KAMDHENU SS 10000 के साथ कंपनी ने अंतर्राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक B500C के समकक्ष अनूठे डबल–रिब्स टीएमटी रिबार को भारतीय बाज़ार तक मुहैया करवाने वाली एकमात्र अधिकृत कंपनी होने का गौरव प्राप्त किया है। वहीं कंपनी रूफिंग शीट्स के बाज़ार में भी बेहतरीन कलर कोटेड शीट्स की विश्वस्तरीय श्रृंखला ले कर आ चुकी है।

# गीता की घर वापसी



हाल ही में रीलीज हुई और अत्यंत सफल रही फिल्म बजरंगी भाईजान की कहानी जैसा ही एक सच्चा वाकया गीता की ज़िंदगी में घटा। 13 साल पहले बोलने और सुनने में अक्षम गीता भटक कर भारतीय सीमा के पार पाकिस्तान में चली गई थी। उस समय मासूम गीता लाहौर में समझौता एक्सप्रेस में अकेली बैठी हुई मिली थी। वह ना अपना पता जानती थी ना ही कुछ बोल या सुन सकती थी। पाकिस्तान के कराची में स्थित की एक प्रसिद्ध सामाजिक संस्था ईधी फाउंडेशन में उसे ले जाया गया। जहाँ वह पिछले 13 सालों से रह रही थी।

भारत के विदेश मंत्रालय तक जब गीता की कहानी पहुँची तो उसके परिवार की खोज शुरू की गई। आखिरकार गीता के परिवार का पता चल गया। बिहार में स्थित गीता के परिवार की तस्वीर जब गीता के पास पाकिस्तानी दूतावास के द्वारा पहुँचाई गई तो उसने उपनी बहन और चार भाइयों को पहचान लिया। जल्द ही गीता अपने देश लौटने वाली है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता के अनुसार भारत में आने के बाद गीता और उसके परिवार का डीएनए जॉच होगा और उनका संबंध पूरी तरह से सत्यापित हो जाने के बाद ही गीता को परिवार को सौपा जायेगा।



# सीरिया में अमेरिका और रूस के बीच टकराव

सीरिया के अंदर आईएसआईएस के कब्जे को खत्म करने के लिये पिछले कई महीनों से अमेरीकी नेतृत्व में नाटो सेना कारवाई कर रही है। नाटो जहॉ एक ओर आईएस का खात्मा चाहती है वहीं वह सीरिया के वर्तमान असद सरकार के खिलाफ खड़े विद्रोहियों को अपना सहयोगी समझती है। अमेरीका के कई महीनों के प्रयासों के बाद भी सीरिया पर आईएस के प्रभाव पर खास फर्क देखने में नहीं मिल रहा था।

असद सरकार से लंबे दोस्ताना संबंध की वजह से अब रूस भी सीरिया में सक्रिय हो गया है। रूस ने इस लड़ाई में पूरी ताकत से आईएस के ठिकानों पर हवाई हमले करने शुरू कर दिये हैं। इन हमलों से आईएस की कमर टूट गई है और सीरिया के कई इलाके उनके कब्जे से बाहर आ चुके हैं। आतंकवाद के खिलाफ रूस की इस मुहिम से अमेरिका नाराज़ हो रहा है क्योंकि इन हमलों में आईएस के अलावा असद सरकार के विरोधी संगठनों जैसे कि जमात अल–नुसरा व अहरार अल–शाम आदि को भी निशाना बनाया जा रहा है। अपने–अपने हितो को देखते हुए, रूस असद सरकार की समर्थक है और अमेरिका असद सरकार को गिराना चाहती है। भारत की चिंता है कि हितों के इस टकराव के बीच ग्लोबल टेररिज्म के खिलाफ यह लड़ाई कमजोर ना पड़ जाये।



# बिहार में डीलर मीट

भारत की No.1 टीएमटी सरिया निर्माता कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड आज क्वालिटी उत्पादों और मजबूत डीलर नेटवर्क के जरिये बिहार में अपनी बाज़ार हिस्सेदारी में महत्वपूर्ण इज़ाफा करते हुये राज्य के उपभोक्ताओं की पहली पसंद बन चुका है। 13 सितंबर 2015 को राजधानी पटना के होटल चाणक्या में बिहार के जमुई, बांका, मुगेर एवं लखीसराय ज़िलों के डीलरों के योगदान की सराहना करने और उन्हें भविष्य की योजनाओं से अवगत कराने के उद्देश्य से एक रीजनल डीलर मीट का आयोजन किया गया।

जमुई, बांका तथा मुगेर के डिस्ट्रीब्यूटर श्री संजय खेतान एवं लखीसराय के डिस्ट्रीब्यूटर श्री शंकर अग्रवाल के सम्मिलित सहयोग से आयोजित इस मीट में चारों ज़िले के 100 से अधिक डीलरबंधुओं ने भाग लिया। राज्य में यूज़र लाइसेंस एग्रीमेंट के अंतर्गत कामधेनु टीएटी की निर्माता कंपनी दादीजी स्टील्स के निदेशक श्री शिशिर अग्रवाल भी इस डीलर मीट में शामिल हुये। कार्यक्रम में कामधेनु इस्पात लिमिटेड के जेनेरल मैनेजर श्री वाई आर पंडिता एवं इस रीजन के मार्केटिंग एक्सक्यूटिव श्री सुरिंदर कुमार भी उपस्थित थे।

उपस्थित डीलरों को संबोधित करते हुये श्री वाई आर पंडिता ने उन्हें धन्यवाद दिया और राज्य में उपलब्ध अवसर को ध्यान में रखते हुये उन्हें और अधिक सफलता हासिल करने के लिये प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के दौरान लक्ष्य और सेल्स से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। उपस्थित कंपनी पदाधिकारियों व डीलरों ने मिलकर लक्ष्य पूरा करने के लिये पूरा प्रयास करने पर सहमति दिखाई। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले डीलरों को इस मौके पर पुरस्कृत किया गया। बेहद मनोरंजक कार्यक्रम के साथ इस रीजनल डीलर मीट की समाप्ति की गई।

# राजस्थान में छाया KAMDHENU SS 10000




भारत की नं. 1 टीएमटी निर्माता कंपनी कामधेनु इस्पात लि. अपने अविष्कारी तकनीक और विश्वस्तरीय गुणवत्ता के लिये जानी जाती है। दो वर्ष पहले कंपनी ने यूके की अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुये पहली बार भारतीय बाज़ार में डबल रिब्स टीएमटी रिबार **KAMDHENU SS 10000** को पेश किया था। आज दो साल के भीतर ही भारत के एकमात्र अधिकृत डबल रिब्स टीएमटी रिबार के रूप में **KAMDHENU SS 10000** संपूर्ण उत्तर भारत के सभी महत्वपूर्ण बाज़ारों में अपनी शानदार उपस्थिति दर्ज करा चुका है।

भूकंप से सुरक्षित निर्माण के लिये सर्वाधिक उपयुक्त **KAMDHENU SS 10000** आम सरिया के मुक़ाबले दुगुनी से भी अधिक मज़बूती देती है जिससे इमारतों को दुगुनी सुरक्षा मिलती है। राजस्थान के राजमिस्त्रियों व ठेकेदारों को इस अनूठे उत्पाद के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से राज्य के अलग–अलग ज़िले में दो जागरूकता कार्यक्रमों का आयेजन किया गया। अलवर और सीकर ज़िलों में आयोजित इन कार्यक्रमों में ज़िले के निर्माणकर्मियों ने बहुत उत्साह से भाग लिया।

राज्य के अलवर ज़िले में 7 सितंबर 2015 को पहले जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय डीलर मेसर्स नवीन एजेंसी, अलवर एवं कामधेनु डिस्ट्रीब्यूटर मेसर्स गर्ग स्टील के सहयोग से किया गया। कामधेनु इस्पात के सेल्स इंचार्ज श्री रोहित सेठी, सीनियर मार्केटिंग ऑफिसर श्री मुकेश शर्मा एवं मार्केटिंग एक्ज़ीक्यूटिव्स श्री विशाल सक्सेना व श्री हनी गोपालिया ने इस जागरूकता कार्यक्रम में कंपनी का प्रतिनिधित्व किया। ज़िला के जाने–माने ठेकेदार श्री मनोज कुमार जी, श्री मनोहर जी एवं श्री फूलचंद जी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुये।

कार्यक्रम में शामिल निर्माणकर्मियों को इस आविष्कारी उत्पाद के लाभ बताते हुये श्री रोहित सेठी ने कहा, "**KAMDHENU SS 10000** कंक्रीट के साथ 254 % मज़बूत पकड़ बनाता है। अनूठे डबल रिब्स डिजायन की बदौलत यह सही कंक्रीट मिक्स के साथ 10000 पीएसआई तक की मज़बूती दे सकता है जो दूसरे उत्पाद की तुलना में बहुत अधिक है। **KAMDHENU SS 10000** का उत्पादन बहुत ही आधुनिक अंतर्राष्ट्रीय तकनीक द्वारा किया जाता है। आज दुनिया भर के विकसित देशों में मज़बूत एवं सुरक्षित निर्माण के लिये इसी तरह के उत्पादों का उपयोग हो रहा है।" कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों द्वारा पूछे गये कंपनी और इस उत्पाद से जुड़े सवालों का कामधेनु के पदाधिकारियों ने अच्छी तरह से समझा कर जवाब दिया।

इसी प्रकार का दूसरा जागरूकता कार्यक्रम सीकर ज़िले में 13 सितंबर को स्थानीय डीलर मेसर्स एस. एस. ट्रेडिंग को., सीकर एवं कामधेनु डिस्ट्रीब्यूटर मेसर्स गर्ग स्टील के सहयोग से आयोजित किया गया। कंपनी की तरफ से कई आधिकारियों ने इस कार्यक्रम में शिरकत किया, जिसमें शामिल थे; सीनियर मार्केटिंग ऑफिसर श्री मनीष सोनी व श्री मुकेश शर्मा, मार्केटिंग ऑफिसर श्री एकेश्वर साहू, मार्केटिंग एक्ज़ीक्यूटिव श्री हनी गोपालिया एवं एरिया सेल्स आफिसर श्री पुष्पेंद्र जोशी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे श्री मुकेश नायक जी जो एक सम्मानित ड्राफ्टमैन है एवं स्थानीय डीलर के आदरणीय पिता श्री महेश कुमावत जी।

कार्यक्रम के दौरान **KAMDHENU SS 10000** के विशेष गुणों की जानकारी देते हुये श्री मनीष सोनी ने कहा, "आविश्कारी डबल रिब्स डिजायन के कारण **KAMDHENU SS 10000** कंक्रीट पर दुगुनी मज़बूती वाली दोतरफा इंटरलॉकिंग पकड़ बनाती है। इसकी अनूठी पकड़ की बदौलत इमारतें तेज भूकंप के झटकों से भी सुरक्षित रहती है।" राजमिस्त्रियों को इस उत्पाद का महत्व समझाते हुये श्री मुकेश शर्मा ने कहा, "भूकंप से सुरक्षित मज़बूत निर्माण के लिये **KAMDHENU SS 10000** भारत का सर्वश्रेष्ठ टीएमटी रिबार है। राजस्थान में भूकंप का खतरा बना रहता है, इसीलिये जान और मकान की सुरक्षा के लिये आप सभी इसके उपयोग की सलाह जरूर दीजिये।"




## बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ

राज कुमार शर्मा
**मेसर्स राज ट्रेडिंग कम्पनी**
उधमपुर
मो. 09419672950

सन्तोष पारिक
**मेसर्स नटराज बिल्डिंग मैटेरियल**
पावर हाउस रोड,
रतनगढ़, चूरू
मो. 09252422222


राजेश शर्मा
**मेसर्स रंगोली कलर वर्ल्ड**
आरएसईबी ऑफिस के सामने
दिल्ली रोड नागल मोड़ कुन्डा आमेर
जयपुर, राजस्थान
मो. 09829818718

RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2015-17
Production Date: 26.10.2015





# टारगेट का बादशाह 3
# सुनिधि चौहान
## लाइव इन कंसर्ट



आधुनिक दौर का आधुनिक पेंट ब्राण्ड एवं भारत में लोकप्रिय कामधेनु पेंट्स उपभोक्ताओं के बीच गहरी पैठ बनाता जा रहा है। नई पीढ़ी के पसंदीदा पेंट ब्राण्ड के रूप में सिक्का जमाते हुये कामधेनु पेंट उत्पाद भारत के कोने–कोने में लाखों इमारतों के इंटीरियर और एक्सटीरियर को सजा रहे हैं। आविष्कारी तौर–तरीकों में पूरी तरह से ढ़ली हुई कंपनी, कामधेनु पेंट्स प्रतियोगी कीमतों पर अत्याधुनिक अंतर्राष्ट्रीय पेंट उत्पादों की भाँति–भाँति के रंग, टेक्सचर और खूबियों वाली विशाल श्रृंखला उपलब्ध करा रही है। लीक से हट कर नई सोच कंपनी के उत्पाद श्रेणियों में तो दिखती ही है, साथ ही इसके मार्केटिंग रणनीतियों में भी साफ झलकती है।

पेंट डीलर के लाभ और हितों को सर्वोपरि मानते हुये कामधेनु पेंट्स छोटे–छोटे अंतराल पर उनके लिये रिवार्डिंग स्कीम लेकर आती है। एक वर्ष के भीतर ही मेगा स्कीम **''टारगेट का बादशाह''** के दो अत्यंत ही सफल एडिशन के बाद कंपनी इस स्कीम के तीसरे एडिशन को ले कर आ चुकी है। पिछले आयोजनों से बड़े और बेहतर पैमाने पर आयोजित होने जा रहे **टारगेट का बादशाह 3** के लॉच के बाद से ही इस स्कीम को लेकर कामधेनु पेंट डीलर्स के बीच खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

स्कीम के नियमों के अनुसार जिन कामधेनु पेंट डीलर्स ने 1 अप्रैल से 31 अगस्त के बीच निर्धारित मात्रा में पेंट उत्पाद डिपो से उठाया है और साथ ही अपने ऊपर बकाये का भुगतान कर चुके हैं उन्हें ही इस मेगा इवेंट में आमंत्रण पाने के लिये चुना गया है। ये सभी आमंत्रित पेट डीलर्स मुंबई के 5 सितारा होटल में 2 रात/3 दिन रहेंगे और फिल्मी दुनिया की बेमिसाल गायिका सुनिधि चौहान के लाइव इन कंसर्ट का आनंद उठायेंगे। मनोरंजन के इस शानदार सफर में याना गुप्ता सरीखी बालीवुड के स्टार्स द्वारा दिलों को थिरका देने वाले डांस परफार्मेंसेज से सजी शाम का पेंट डीलर्स मजा लेंगे।

विश्वस्तरीय जॉय राइड्स, वाटर पार्क और 10 लाइव इंटरटेंनमेंट शों से सजे भारत का डिजनीलैंड माने जाने वाले एडलैब्स इमैजिका में दिन भर मस्ती करने और यादगार अनुभव बटोरने का मौका भी यहाँ सभी आमंत्रित पेट डीलर्स उठाने वाले हैं। एडलैब्स इमैजिका भारत का पहला और एकमात्र अंतर्राष्ट्रीय स्तर का थीम पार्क है जिसमें मौज–मस्ती, मनोरंजन, खाने–पीने और शॉपिंग की बेहतरीन सुविधायें एक साथ मिलती है। एडलैब्स इमैजिका में 26 तरह के ऐसे बेहतरीन राइड्स व अन्य आर्कषण मौजूद हैं, जिसके मुकाबले भारत और आस–पास के देशों का कोई दूसरा थीम–पार्क नहीं ठहरता।

विशेष आर्कषण के तौर पर फैमिली टिकट के लिये चुने गये डीलर्स का परिवार के साथ बालीवुड की बिंदास ओर बेमिसाल हिरोइन बिपाशा बसु के साथ फैमिली फोटोग्राफ खिंचवाने का अनूठा अवसर उपलब्ध कराया जायेगा। इन परिवारों की महिलाओं को एक स्पेशल सरप्राइज गिफ्ट भी दिया जायेगा।

इस नई स्कीम, **टारगेट का बादशाह–3** के बारे में जानकारी देते हुये श्री सौरभ अग्रवाल, निदेशक, कामधेनु पेंट्स ने कहा, ''कामधेनु पेंट्स में अच्छा प्रर्दशन करने वाले डीलर्स को हमेशा ही रिवार्ड करने की परंपरा रही है। साथ–साथ आगे बढ़ने और तरक्की करने के सिद्धांत पर चलते हुये कंपनी अपने चैनल पार्टनर्स को अपना महत्वपूर्ण साथी मानते हुये उनके लिये अच्छी स्कीमें लाती रही है। मैं सभी पेंट डीलर्स से आग्रह करता हूँ कि वे **टारगेट का बादशाह–3** में भाग लें और मुंबई में फिल्मी सितारों से सजी इस मेगा इवेंट का आनंद उठायें।''






Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com